कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-01.04.2025

विषय:- थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त रवि राजभर को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0178/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपूर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रवि राजभर पुत्र राजेन्द्र राजभर निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-01.04.2025 समय करीब 10.20 बजे सुंगुलपुर अण्डर पास थाना चौबेपुर वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित नाबालिग अपहृता/पीड़िता, उम्र 17 वर्ष को दिनांक-31.03.2025 को सकुशल बरामद किया जा चुका है।

घटना का विवरण-

दिनांक-22.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने उनकी बहन (उम्र 17 वर्ष) को प्रतिवादी रवि राजभर द्वारा अपने साथ लेकर कहीं चले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-0178/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 जितेन्द्र सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रवि राजभर पुत्र राजेन्द्र राजभर निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान-

सुंगुलपुर अण्डर पास थाना चौबेपुर वाराणसी से, दिनांक-01.04.2025 समय करीब 10.20 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0178/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 अनुराग कुमार तिवारी थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 राघवेन्द्र सिंह थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
5. हे0का0 बृजेश पाण्डेय थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी